भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2191

08 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड का निजीकरण

2191 श्री राम मोहन नायडू किंजरापू:
श्री बालाशौरी बल्लभनेनी:
श्री मारगनी भरत:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विशाखापट्टनम में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के निजीकरण का हाल ही में निर्णय लिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ख) आरआईएनएल की परिसंपत्तियों और इस पर बकाया ऋण सहित सरकार द्वारा किए गए निवेश का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पाँच वर्षों के दौरान आरआईएनएल की वित्तीय वास्तविक, विपणन, उत्पादन तथा अन्य प्रकार के कार्य निष्पादन का वर्ष-वार तथा श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राज्य सरकार से विचार-विमर्श के पश्चात् ही उक्त निर्णय लिया गया और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या आरआईएनएल मजदूर संघ नेताओं तथा अन्य पणधारकों के साथ कोई विचार-विमर्श किया गया है; और

(च) यदि हाँ, तो आरआईएनएल के निजीकरण के पश्चात् कामगारों की नौकरी बचाना सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए/उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क): आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने दिनांक 27.01.2021 को संपन्न हुई अपनी बैठक में निजीकरण के द्वारा रणनीतिक विनिवेश के माध्यम से राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) (विशाखापट्टनम इस्पात संयंत्र अथवा विजाग स्टील के नाम से भी ज्ञात) की सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों में इसके हिस्से सहित आरआईएनएल में भारत सरकार (जीओआई) की हिस्सेदारी के 100% विनिवेश को सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

(ख): विवरण निम्नानुसार है:

क. आरआईएनएल की परिसंपत्तियाँ:

(करोड़ रुपये में)

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण, अमूर्त परिसंपत्तियों का समग्र ब्लॉक (31.12.2020 की स्थिति के अनुसार)	**32022.32**

ख. सरकार द्वारा किया गया निवेश

(करोड़ रुपये में)

विवरण	31.12.2020 की स्थिति के अनुसार
साम्या शेयर पूँजी	**4889.85**

ग. बकाया ऋण

(करोड़ रुपये में)

विवरण	31.12.2020 की स्थिति के अनुसार
कुल:	**21236.01**

(ग): पिछले पाँच वर्षों के दौरान आरआईएनएल का प्रदर्शन निम्नवत् रहा है:-

i) वित्तीय प्रदर्शन:

वित्त वर्ष	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**
कारोबार (करोड़ रुपये में)	10059.34	12317.32	14459.67	20338.06	15819.24
भंडार और अधिशेष (करोड़ रुपये में)	4983.35	3679.81	2331.11	2462.43	-1618.06
पीएटी (करोड़ रुपये में)	-1420.64	-1263.16	-1369.01	96.71	-3910.17
निवल मूल्य (करोड़ रुपये में)	9873.20	8569.66	7220.96	7352.28	3271.79

ii) भौतिक और विपणन संबंधी निष्पादन:

(हजार एमटी में)

बिक्री योग्य इस्पात (हजार एमटी)	**वित्त वर्ष 2015-16**	**वित्त वर्ष 2016-17**	**वित्त वर्ष 2017-18**	**वित्त वर्ष 2018-19**	**वित्त वर्ष 2019-20**
उत्पादन	3513	3847	4500	5000	4452
कुल बिक्री	3728	3702	4488	4911	4278

(घ) से (च): रणनीतिक बिक्री के नियम व शर्तों को तय करते समय, मौजूदा कर्मचारियों तथा अन्य हितधारकों की जायज चिंताओं का शेयर-खरीद समझौता (एसपीए) में उपयुक्त प्रावधानों के माध्यम से समुचित समाधान किया गया है। राज्य सरकार से विशिष्ट मामलों में आवश्यकता पड़ने पर परामर्श किया जाता है तथा उनके हस्तक्षेप के लिए अपेक्षित मामलों में उनकी सहायता भी माँगी जाती है।

****